# परमेश्वर का वचन भविष्यद्वक्ता के पास आया

## विलियम मेरियन ब्रन्हम

### "यीशु मसीह परमेश्वर है"

अब यह प्रकाशन है : यीशु मसीह परमेश्वर है। पुराने नियम का यहोवा नये का यीशु है। इससे कोई मतलब नहीं कि आप चाहे जितना भी प्रयत्न करें आप सिद्ध नहीं कर सकते कि तीन परमेश्वर हैं। परन्तु पवित्रात्मा के द्वारा यह प्रकाशन मिलता है जिससे आप यह सच्चाई समझ सकते है कि वह एक है। पुराने नियम का यहोवा नये का यीशु है, इसको आप प्रकाशन द्वारा ही देख सकते हैं। शैतान ने कलीसिया में घुसकर लोगों को इस सत्य के प्रति अन्धा कर दिया है। और जब तक वे इस विषय में अन्धे ना हुए तब तक इस रोम की कलीसिया ने प्रभु यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा देना ना रोका था।

मैं इस बात को स्वीकार करता हूँ कि यह पवित्रात्मा द्वारा दिया गया, एक वास्तविक प्रकाशन है, जिससे आप परमेश्वरत्व की सच्चाई को इन दिनों में देख सकते हैं जबकि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जब वचन को काफी दूषित किया गया है। परन्तु विजयी और आगे बढ़ने वाली कलीसिया प्रकाशन के ऊपर ही बनी है। इसलिए हम परमेश्वर से आशा कर सकते हैं कि वह हम पर सत्य को प्रकट करे। जो भी हो, सही में आपको पानी के बपतिस्मे के प्रकाशन की आवश्यकता नहीं है। यह तो वहाँ पर है ही, और आपकी ओर ध्यान से देख रहा है। एक मिनट के लिए सोचे की क्या प्रेरितों के लिए यह संभव था कि प्रभु की सीधी आज्ञा से फिर कर, वे पिता, पुत्र और पवित्रात्मा के नाम से बपतिस्मा ना दे कर, जान बूझ कर आज्ञा को तोड़ते? वे जानते थे कि नाम क्या है। और पूरे पवित्रशास्त्र में उन्होंने कहीं भी प्रभु यीशु मसीह के नाम को छोड़ किसी और प्रकार से बपतिस्मा नहीं दिया। साधारण समझ भी यह बता देगी कि प्रेरितों के काम की पुस्तक कलीसिया के कार्य है। यदि उन्होंने इस प्रकार से बपतिस्मा दिया है तो बपतिस्मा देने की यही विधि है। अब आप यदि यह सोचते हैं कि यह तो बड़ा कठिन है तो फिर आप इस विषय में क्या सोचते हैं? जो कोई भी प्रभु यीशु के नाम में बपतिस्मा पाये हुए नहीं था, उसे फिर से बपतिस्मा लेना पड़ा था।

प्रेरितों के काम १९ : १-६ "और ऐसा हुआ कि अपुल्लोस कुरन्थस में था। तो पौलूस ऊपर के सारे देश से होकर इफिसुस में आया और कई चेलों को देखकरे उन से कहा, क्या तुमने विश्वास करते समय पवित्र आत्मा पाया? उन्होंने उससे कहा, हमने तो पवित्र आत्मा की चर्चा भी नहीं सुनी। उसने उनसे कहा, तो फिर तुमने किस का बपतिस्मा लिया? उन्होंने कहा, यहुन्ना का बपतिस्मा। पौलूस ने कहा, यहुन्ना ने यह कहकर मनफिराव का बपतिस्मा दिया, कि जो मेरे बाद आने वाला है उस पर अर्थात् यीशु पर विश्वास करना। यह सुनकर उन्होंने प्रभु यीशु के नाम का बपतिस्मा लिया। और जब पौलूस ने उन पर हाथ रखे तो पवित्र आत्मा उन पर उतरा,

और वे भिन्न-भिन्न भाषाएँ बोलने और भविष्यवाणी करने लगे।'' ठीक यही बात थी। इफिसुस के इन भले लोगों ने जब मसीह के आगमन के विषय में सुना जिसको यहुन्ना ने प्रचार किया था तो उन्होंने यीशु की राह ताकते हुए पापों के प्रायश्चित का बपतिस्मा लिया था कि यीशु पर विश्वास करें। परन्तु अब समय था कि मुड़कर यीशु को देखें और पापों की क्षमा के लिए बपतिस्मा लें। यह समय था कि पवित्र आत्मा प्राप्त करें। और जब उन्होंने प्रभु यीशु के नाम का बपतिस्मा लिया और पौलूस ने उन पर हाथ रखे तो पवित्र आत्मा उन पर उतरा।

वे इफिसुस के प्यारे अच्छे लोग थे। और यदि किसी को भी अपनी सुरक्षा अनुभव करने का अधिकार है तो उन्होंने वैसा किया। ध्यान दीजिए, वे कहाँ तक आ गये थे। वे मसीह के आगमन को स्वीकार करते हुए आ रहे थे। वे उसके लिए तैयार थे। परन्तु क्या आप वही देख रहे हैं कि इतना होने पर भी वे उसे ना पा सके? और वह आ कर भी चला गया। उनके लिए आवश्यकता थी कि वे प्रभु यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा लें। उन्हें आवश्यकता थी कि वे पवित्र आत्मा से भर जाए।

यदि आपने प्रभु यीशु मसीह के नाम का बपतिस्मा लिया है तो परमेश्वर आपको अपनी आत्मा से भर देगा। यह वह वचन है जो प्रेरितों के १९ : ६ में हमने पढ़ा हैं जो कि प्रेरितों २ : ३८ को पूरा करता है। ''मन फिराओ और तुम में से हर एक अपने-अपने पापों की क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले, तो तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे।'' देखिए पौलूस ने भी पवित्र आत्मा से प्रेरित होकर वही कहा जो पतरस ने कहा और जो कहा गया वह बदला नहीं जा सकता। यह पिन्तेकुस्त से और अन्तिम चुने हुए व्यक्ति के बपतिस्मे तक एक सा ही रहना चाहिए। गलतियों १ : ८ ''परन्तु यदि हम या स्वर्ग से कोई दूत भी उस सुसमाचार को छोड़ जो हमने तुमको सुनाया कोई और सुसमाचार तुम्हें सुनाए तो स्रापित हो।''

आप में से कुछ वन नैस वाले लोग गलत प्रकार से बपतिस्मा देते हैं। आप नव-जीवन के लिए बपतिस्मा देते हैं जैसे मानो पानी में डूबने के द्वारा आपका छुटकारा है। नवजीवन पानी के द्वारा नहीं होता, यह तो आत्मा का कार्य है। वह व्यक्ति जिसने पवित्र आत्मा में होकर यह आज्ञा दी है ''प्रायश्चित करो, तुममें से हर एक प्रभु यीशु के नाम में बपतिस्मा लें'' उसने यहाँ यह नहीं कहा था कि पानी के द्वारा नव-जीवन ले। उसने कहा ''यह तो केवल आपका परमेश्वर की ओर अच्छे विवेक का प्रमाण है'' बस इतना ही पहला पतरस ३ : २१ ''और उसी पानी का दृष्टान्त भी, अर्थात् बपतिस्मा यीशु मसीह के जी उठने के द्वारा अब तुम्हें बचाता है (उस से शरीर के मैल को दूर करने का अर्थ नहीं है। परन्तु शुद्ध विवेक से परमेश्वर के वश में हो जाने का अर्थ है)'' मैं इसका विश्वास करता हूँ।

यदि किसी का कोई गलत विचार हो तो इतिहास पानी के बपतिस्मे को प्रमाणित करता है जो कि किसी और प्रकार से नहीं केवल प्रभु यीशु मसीह के नाम में है। मैं आपको यह परामर्श देना चाहता हूँ कि आप स्वयम् इतिहास पढ़ कर मालूम कर लें। नीचे दिया गया बपतिस्मे का अभिलेख जो कि रोम में १०० ई० में दिया गया था,सत्य हैं। और यह दिसम्बर ५, १९५५ की टाईम पत्रिका में प्रकाशित हुआ था। ''डीकन ने अपना हाथ उठाया और पब्लिस डायसियस बपतिस्मा देने वाले स्थान में दरवाजे से अन्दर आया। मरकुस वास्का जो लड़की बेचने वाला

था, बपतिस्मे वाले तालाब में कमर तक डूबा हुआ खड़ा था। जैसे ही पबलिस पानी हिलाते हुए तालाब में उसके पास आकर खड़ा होता है, तो वह मुस्करा रहा था। फ्रेडिस? उसने धार्मिक मत (अकीदा) के विषय में पूछा तो पबलिस ने उत्तर में कहा "मैं विश्वास करता हूँ मेरा उद्धार, यीशु मसीह के द्वारा है, जो कि पेन्तुस पीलातुस के राज्य में क्रूस पर चढ़ाया गया। उसके साथ मैं मर गया ताकि उसके साथ मैं अनन्त जीवन प्राप्त कर सकूँ। तब उसने मजबूत हाथों के सहारे का अनुभव किया, उसने अपने आपको तालाब में पीछे गिरने दिया और मरकुस की आवाज को अपने कानों में सुना—'मैं तुझे प्रभु यीशु के नाम में बपतिस्मा देता हूँ और ठंडे पानी ने उसको ऊपर से ढ़ाप लिया था।

जब तक कि यह सत्य खो नहीं गया था (और अन्त समय के युग तक वापस नहीं आ गया) नीसियन शताब्दी के अन्त तक उन लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मे दिए, परन्तु अब यह फिर वापस आ गया है। शैतान इस प्रकाशन को दबा नहीं सकता जब आत्मा ही इसे देना चाहता है।

जी हाँ, यदि तीन परमेश्वर होते तब तो आप आराम के साथ पिता और पुत्र और पवित्र आत्मा से बपतिस्मा दे सकते थे। परन्तु यहुन्ना को प्रकाशन दिया गया कि केवल एक ही परमेश्वर है और उसका नाम प्रभु यीशु मसीह है और तुम एक ही परमेश्वर के लिए बपतिस्मा दो और केवल एक। यही कारण है कि पतरस ने पिन्तेकुस्त पर इस प्रकार बपतिस्मा दिया। उसको तो प्रकाशन के अनुसार ही सत्य पर रहना था, जो था। "अब इस्त्राइल का सारा घराना जान ले कि परमेश्वर ने उसी मसीह को जिसको तुमने क्रूस पर चढ़ाया प्रभु भी ठहराया और मसीह भी। यही वह प्रभु यीशु मसीह है।"

यदि यीशु, प्रभु और मसीह "दोनों" है तो वह (यीशु) सिवाये इसके कि "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा वही है" और कुछ नहीं हो सकता जो शरीर में प्रकट हुआ। वह तीन व्यक्तियों में प्रकट हुआ परमेश्वर नहीं है जैसा कि "धन्य त्रिएकता" है। परन्तु एक परमेश्वर, एक व्यक्ति तीन विशेष उपाधियों के साथ तीन कार्य रूपों में उन उपाधियों को प्रकट कर रहा है। इसे एक बार फिर सुनिए। वही यीशु, प्रभु और मसीह दोनों है। प्रभु (पिता) और मसीह (पवित्र आत्मा) यीशु है। क्योंकि वह (यीशु) दोनों है (प्रभु और मसीह)।

यदि हमें इससे परमेश्वरत्व का प्रकाशन नहीं मिल पा रहा है तो कुछ नहीं हो पाएगा। प्रभु कोई दूसरा नहीं, मसीह कोई दूसरा नहीं। यह यीशु ही है, प्रभु यीशु मसीह, एक परमेश्वर।

फिलिपुस ने एक दिन यीशु से कहा हमें पिता को ही दिखा दे हमारे लिए यही बहुत है। यीशु ने उससे कहा "क्या मैं इतने दिनों तुम्हारे साथ नहीं और क्या तुम मुझे नहीं जानते? जिसने मुझे देखा उसने पिता को देखा। तो फिर तू क्यों कहता है कि हमें पिता को दिखा? मैं और पिता एक हैं।

एक बार जब मैंने इसका उल्लेख एक स्त्री से किया तो वह बोली श्री ब्रन्हम, एक क्षण रुकिए, क्या आप और आपकी पत्नी एक है" मैंने कहा नहीं उस प्रकार से नहीं। वह बोली "मैं समझ नहीं पाई आप फिर बताए? इसलिए मैंने उस स्त्री से कहा "क्या आप मुझे देखती हैं? वह बोली "जी हाँ" मैंने कहा क्या आप मेरी पत्नी को देखती है? उसने कहा "जी नहीं"।

मैंने कहा यह एकता जो उसने कही है भिन्न प्रकार की है "जब तुम मुझे देखते हो तो मेरे पिता को देखते हो।"

भविष्यद्वक्ता ने कहा सांझ के समय उजियाला होगा। गीत में यह लिखा है : सांझ के समय उजियाला होगा, महिमा के मार्ग को आप अवश्य पायेंगे, उस पानी के मार्ग से आज उजियाला है, यीशु बहुमूल्य नाम में गड़ जाओ। बूढ़े और नवयुवकों अपने पापों से प्रायश्चित करो, पवित्र आत्मा अवश्य अन्दर आएगा, सांझ का उजियाला आ गया है, यह सत्य है कि परमेश्वर और मसीह एक है।"

बहुत समय नहीं हुआ कि मैं एक यहूदी रब्बी से बात कर रहा था। उसने मुझसे कहा, "तुम अन्य जाति परमेश्वर को तीन भागों में बांटकर और फिर एक यहूदी को नहीं दे सकते। हम इसे ज्यादा अच्छी तरह से जानते हैं।" मैंने उससे कहा रब्बी यही तो बात है, कि हम परमेश्वर को तीन भागों में नहीं बांटते हैं। तुम भविष्य द्वक्ताओं का विश्वास करते हो, क्या नहीं करते हो? उसने कहा "बिल्कुल मैं करता हूँ।" क्या तुम यशायाह ९ : ६ का विश्वास करते हो? "जी हाँ" भविष्यद्वक्ता किस के विषय में बोल रहा था? उसने कहा "वह परमेश्वर होगा" मैंने कहा ठीक बात है। आमीन।

आप परमेश्वर को तीन व्यक्तियों या तीन हिस्सों में नहीं बांट सकते। आप यहूदी को यह नहीं सिखा सकते कि एक पिता है और एक पुत्र है और एक पवित्र आत्मा है। वह आपको तुरन्त बता देगा कि यह विचार कहाँ से आया है यहुदी यह जानते हैं कि यह मत नीसियन सभा में स्थापित किया गया था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि वे हमारा मूर्ति पूजको की तरह ठट्ठा करते हैं।

हम उस परमेश्वर के विषय में बात करते हैं जो कभी नहीं बदलता है। यहूदी भी यही विश्वास करते हैं। परन्तु कलीसिया ने उस एक ना बदलने वाले परमेश्वर को एक से तीन में बदल दिया। परन्तु सांझ कि लहरों में उजियाला वापस आ रहा है। यह कितना आश्चर्यजनक है कि यह सत्य ऐसे समय पर आया है, जब इस्राइल अपने फिलिस्तीन देश को वापस जा रहा हैं। परमेश्वर और मसीह एक है। यह यीशुः प्रभु और मसीह दोनों है। यहुन्ना के पास प्रकाशन था और यीशु प्रकाशन था और उसने अपने आप को यहाँ पवित्र शास्त्र में दिखाया; मैं वह हूँ जो था, जो है और आयेगा। वह सर्वशक्तिमान आमीन।"

यदि प्रकाशन आप से परे है तो आप इसके लिए दृष्टि उठा कर परमेश्वर को खोजे। केवल यही एक मार्ग है कि आप उसे कभी पा सकते हैं। प्रकाशन, परमेश्वर की ओर से ही आना चाहिए। यह कभी मनुष्य के द्वारा, शारीरिक योग्यता से नहीं आता,परन्तु आत्मिक योग्यता से आता है। आप पवित्र शास्त्र को रट सकते हैं यद्यपि यह एक अच्छी बात है, इससे काम नहीं चलेगा। यह प्रकाशन तो परमेश्वर की ओर से ही आना चाहिए। वचन में वह कहता है कि पवित्र आत्मा के बिना कोई मनुष्य यह नहीं कह सकता है कि यीशु ही मसीह है। आपको पवित्र आत्मा ग्रहण करना ही होगा और केवल तब ही आत्मा आपको प्रकाशन देता है कि यीशु ही मसीह है : परमेश्वर, वह अभिषिक्त।

(सात कलीसयायी कालों की व्याख्या से संकलित)

**वायस ओफ गोड रिकोर्डिंगस**

***इन्डिया ऑफिस***

न: 19, शिनोय रोड, ननगावक्कम, चेन्नई (मद्रास) - 34

## कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org